प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारतीय चिकित्सा संघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने के लिए लिखा पत्र।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में आज वृहद रोजगार मेले का किया उद्‌घाटन, युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र : 78 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
3. राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने रक्षाबंधन पर्व की पूर्व संध्या पर आज प्रदेशवासियों को दी बधाई : परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को आज रात 12 बजे से कल रात 12 बजे तक मिलेंगी निशुल्क यात्रा की सुविधा।
4. गाजियाबाद से मेरठ के बीच शुरू हुई रैपिड नमो भारत ट्रेन : 30 मिनट में पूरा होगा 42 किलोमीटर का सफर।

और

5. बुलंदशहर में बस और पिकप की टक्कर में 11 लोगों की मौत, 36 घायल : मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित उपचार के दिये निर्देश।

———————————

भारतीय चिकित्सा संघ–आईएमए ने पश्चिम बंगाल के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज मामलें में प्रधानमंत्री मोदी से स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाने की मांग की है। आईएमए ने कहा कि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था हवाई अड्डे जैसी चाक चौबंद होनी चाहिए। श्री मोदी को लिखे पत्र में आईएमए ने कहा कि अस्पताल में दुष्कर्म मामले की जांच निश्चित समय–सीमा के भीतर पूरी होनी चाहिए और पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए। केन्द्रीय अनवेषण ब्यूरो कोलकाता के आर जी कर चिकित्सा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य से दुष्कर्म और हत्या मामलें में नई दिल्ली में पूछताछ कर रहा है। इस बीच कोलकाता पुलिस ने आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के आसपास किसी प्रकार की गैर–कानूनी रूप से लोगों को इक्कठा होने से रोकने के लिए आज से सात दिन तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लगा दी है। कोलकाता पुलिस ने स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के दो नेताओं को 14 अगस्त की रात को मेडिकल कॉलेज में हुई हिंसक घटनाओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में आज आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय में वृहद रोजगार मेले का उद्घाटन किया और युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित

किये। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर तीस करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और 48 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 35 सौ छात्र–छात्राओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, युवाओं को आत्मनिर्भर, अन्नदाता किसानों की समृद्धि और महिलाओं का सशक्तिकरण भाजपा सरकार की प्राथमिकता ह। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में युवाओं के लिये बड़ी संख्या में रोजगार सृजन किया जा रहा है। कई योजनाओं के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। बाइट..

*पिछले सात वर्ष में प्रदेश ने अपना परशेप्सन बदला है। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा और कानून व्यवस्था का तो मॉडल बना ही है, देश के अंदर निवेश का ड्रीम डस्टिनेशन के रूप में उभर कर दुनिया भर के निवेश को अपने यहां आकर्षित करने में सफल हुआ है। प्रदेश में जो निवेश आ रहा है उसका परिणाम यह है कि हमने लाखों नौजवानों को नौकरी उनके गांव, उनके घर में देने में सफलता प्राप्त की है। एक करोड़ 62 लाख से अधिक नौजवान इस निवेश के माध्यम से अब तक नौकरी और रोजगार प्राप्त किये हैं। स्वरोजगार के लिये वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान और पीएम विश्वकर्मा की योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम स्वरोजगार योजना जैसी तमाम योजनाओं के साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में भी आर्थिक स्वावलम्बन का मार्ग प्रशस्त किया है।*

———————————

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को पांच मिनट का अतिरिक्त समय देने का फैसला किया है। भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष राजीव

कृष्ण के अनुसार अभ्यर्थियों के आग्रह पर विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया है। इस संबंध में सभी केन्द्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश  पुलिस ने सिपाही के 60 हजार 244 पदों पर सीधी भर्ती के लिये लिखित परीक्षा आगामी 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को आयोजित की जायेगी। पूर्व में पेपरलीक होने के कारण यहपरीक्षा निरस्त कर दी गई थी।

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी।

——————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने आज कानपुर में सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बृजेश पाठक ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी। वहीं कानपुर में हुई रल हादसे को दुखद बताते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में उच्चस्तरीय जांच चल रही है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि राखी का धागा न केवल भाई–बहन के रिश्ते की पवित्रता का प्रतीक है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिये भी एक प्रतिबद्धता है।

रक्षाबंधन के पर्व को लेकर प्रदेशभर के बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, अयोध्या, हापुड़ सहित विभिन्न जनपदों के बाजार ग्राहकों की भीड़ से गुलजार है।

——————————

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्षाबंधन के पर्व पर महिलाओं को निशुल्क बस से सफर करने का तोहफा प्रदेश

सरकार ने दिया है। महिलाओं के लिये उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सभी श्रेणियों की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है। आज रात 12 बजे से 19 अगस्त की रात 12 बजे तक 24 घंटे रोडवेज बसां के अलावा सिटी बस सेवाएं निशुल्क रहेंगी।

लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी और क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि रोडवेज की निशुल्क बस सेवाएं कैसरबाग, चारबाग, आलमबाग बस स्टेशन से मिलेगी। वहीं सिटी बसों की सेवाएं शहर के 22 मार्गो पर होगी।

——————————

मेरठ साउथ आरआरटीएस स्टेशन आज दोपहर दो बजे से यात्री परिचालन के लिए खोल दिया गया। इस 8 किलोमीटर अतिरिक्त सेक्शन के जुड़ने के साथ ही दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर का कुल 42 किलोमीटर हिस्सा अब परिचालित हो गया है, जिसमें गाजियाबाद के साहिबाबाद से लेकर मेरठ के, मेरठ साउथ तक 9 स्टेशन शामिल हैं। साहिबाबाद से मेरठ साउथ तक पूरे सेक्शन पर रेपिड नमो भारत ट्रेन सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी। मेरठ साउथ से रैपिड नमो भारत ट्रेन सेवा शुरू होने से यात्री लगभग 30 मिनट में साहिबाबाद पहुँच सकेंगे। आरआरटीएस ट्रेनों के अलावा यह स्टेशन मेरठ क्षेत्र के

लिए स्थानीय मेट्रो सेवाएं भी प्रदान करेगा। प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ0 सोमेन्द्र तोमर ने मेरठ वासियों को बधाई देते हुए कहा कि रैपिड नमो ट्रेन के चलने से लोगों को काफी सहूलियत होगी। बाइट....

*मैं सबसे पहले मेरठ के सभी सम्मानित नागरिकों को इसके लिये बधाई और शुभकामनाएं दूंगा और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी का धन्यवाद करूंगा। जो लोग हमारे दिल्ली नौकरी करने के लिये जाते है या व्यापार करने के लिये जाते हैं, उनके लिये ये संजीवनी का काम करेगी और लोगों को आने जाने में बहुत सुविधा उपलब्ध होगी।*

——————————

बुलंदशहर जिले के सलेमपुर थानाक्षेत्र में आज एक निजी बस और पिकप की आमने सामने हुई भिंड़त में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 लोग घायल हो गये। घायलों को निकट के अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल चार लोगों को मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि पिकप गाड़ी गाजियाबाद से आ रही थी और निजी बस बुलंदशहर की तरफ जा रही थी। गाजियाबाद की एक ब्रेड कम्पनी में कार्यरत मजदूर रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिये गाजियाबाद से पिकप में सवार होकर अलीगढ़ जिले के रायपुर गांव जा रहे थे। मृतकों में कुछ लोग संभल और कुछ अलीगढ़ जिले के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए घायलों का तत्काल समुचित उपचार कराने के निर्देश दिये

हैं। इस बीच प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने बुलंदशहर के जिला अस्पताल पहुंच कर भर्ती घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने मृतकों के परिजनों से भी मुलाकात को और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

(समाप्त)